<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विकास की इस दौड़ में, कहीं खो न जाये हम</u>
<u>प्राकृतिक सौंदर्य है, धरोहर की शान, अतः एक पेड़ माँ के नाम</u>

पंतनगर। 18 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत आम (*मैंगिफेरा इंडिका*), लैला मजनू (*सेंक्रस बिफ्लोरस*) और हमेलिया (*हामेलिया पेटेंस*) पौधे लगाए गए, प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सफल करने में एक महत्वपूर्ण पहल थी। यह अभियान वेटेरिनरी सोसायटी एवं एन एस एस के सयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इस अभियान ने जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलनः को समझने में, सतत विकास की ओर आगे बढ़ने में, साथ ही, छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभायी। यह पहल आगे चलकर हरित परियोजनाओं के लिए आधार बन सकती है, जिसमें और अधिक हरित क्षेत्र विकसित करना, संरक्षण पर केंद्रित छात्र क्लबों का निर्माण और पौधों की वृद्धि और पर्यावरणीय लाभ से संबंधित शोध शामिल हो सकते हैं जो विश्वकल्याणीय हैं। उक्त अभियान में अधिष्ठाता डा. ए.एच. अहमद, महाविद्यालय की फैकल्टी एवं स्टूडेंट्स के अलावा कर्मचारियों ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

वृक्षारोपण करते अधिकारीगण।

निदेशक संचार